ICC के नए अध्यक्ष

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

हाल ही में **जय शाह** को **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (International Cricket Council- ICC)** का नया अध्यक्ष चुना गया है, वह इस पद पर पहुँचने वाले अब तक के **सबसे युवा अध्यक्ष बन गए हैं।**

- वर्तमान में वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (Board of Control for Cricket in India- BCCI) **के** सचिव पद पर कार्यरत हैं और **1 दिसंबर, 2024** से **ICC** के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। वह ICC के अध्यक्ष के रूप में न्यूज़ीलैंड के ग्रेग बार्कले का स्थान लेंगे।
- वह जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के बाद ICC का अध्यक्ष/चेयरमैन बनने वाले **पाँचवें भारतीय** हैं।
- **ICC के बारे में:**
  - **स्थापना:** इंपीरियल क्रिकेट कॉन्फ्रेंस (पूर्व नाम था) की **स्थापना वर्ष 1909 में** हुई थी। **वर्ष 1989** में इसका नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद कर दिया गया।
  - **कार्य:** ICC क्रिकेट के लिये **वैश्विक नियामक संस्था है। यह ICC क्रिकेट विश्व कप,** ICC T20 विश्व कप और **ICC चैंपियंस ट्रॉफी सहित** प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों का आयोजन करती है।
  - **सदस्यता:** अगस्त, 2024 तक उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, ICC के सदस्यों की संख्या **108** है, जिनमें **12 पूर्णकालिक सदस्य हैं,** जो टेस्ट मैच खेलते हैं तथा **96 एसोसिएट/सहयोगी सदस्य हैं।**
  - **मुख्यालय: दुबई,** संयुक्त अरब अमीरात

और पढ़ें: क्रिकेट में वेतन समानता

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-chairman-of-icc